संगीतमय, भावात्मक प्रसंग के साथ कैलादेवी में होगी श्रीमद भागवत महापुराण एवं श्री नर्मदा पुराण कथा

विनय उजाला

देवास निप्र। माँ कैला मैया के प्रति अपार श्रद्धा और आस्था रखने वाले मन्नुलाल गर्ग और उनके परिवार में देवास में सिद्धपीठ स्थापित किया है। अध्यात्म को आत्मसात कर संतों के सानिध्य को प्राप्त किया है यही कारण है कि पारिवारिक शोक से विचलित न होकर आई हुई विडम्बना को भी माँ की इच्छा समझकर उसे स्वीकार किया और नवरात्रि में माँ की साधना की परम्परा को निरंतर जारी रखा है। माँ कैला मैया के प्रति निष्ठा और आस्था ही शोक को परे कर विश्वास को प्रबल करती है।

यह विचार चैत्रीय नवरात्रि के अवसर पर कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य बृजरत्न वंदना श्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आपने कहा कि अध्यात्म ही एक ऐसी शक्ति है जो विश्व में शांति कायम कर सकती है। हमारा सनातन ही हमारी शक्ति है।

कथा संयोजक रायसिंह सेंधव ने प्रेसवार्ता में कहा कि वर्ष 22 गर्ग परिवार के लिए बड़ा ही दुख एवं शोकमय रहा है। अपार धार्मिक भावना रखने वाली हमारे मन्नुलाल गर्ग की धर्मपत्नी, श्रवण कुमार जैसे पुत्र दीपक गर्ग की माताजी सुशीला देवी गर्ग का देवलोक गमन होना। साथ ही कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष परिवार के बड़े दामाद बृजमोहन अग्रवाल का आकस्मिक निधन होना, गर्ग परिवार के साथ हम सबके लिए शोक का विषय रहा है।

उसके बावजूद भी गर्ग परिवार द्वारा मंदिर की धार्मिक अनुष्ठान परम्परा को यथावत रखना उनकी आस्था और निष्ठा का प्रतीक है। 23 मार्च से 29 मार्च तक गोकुल गार्डन में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बृज रत्न वंदना (मथुरा) द्वारा संगीत एवं दृश्यमय श्रीमद भागवत कथा का सुंदर वर्णन होने जा रहा है। साथ ही 30 मार्च को श्री नर्मदा पुराण का आयोजन होगा। कथा पांडाल में श्रोताओं के लिए पृथक पृथक व्यवस्था की गई है।

साथ ही मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों एवं भक्तों के लिए भी दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता में मुख्य आयोजक मन्नुलाल गर्ग, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, दीपक गर्ग, देवकृष्ण व्यास, रमण शर्मा, चेतन उपाध्याय सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।